Achievements : Year 2021

- भारत सरकार ने स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को **"अमृत महोत्सव"** के रूप में मनाने का निर्णय लिया है इसी कडी में जवाहरलाल नेहरू कृषि विष्वविद्यालय के अधिनस्त 22 कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से दिनांक 22 मार्च 2021 को जलवायु लचीला कृषि : प्रति बूंद अधिक फसल (विष्व जल दिवस) का आयोजन आनलाइन के माध्यम से किया गया जिसमें 1051 कृषिक, कृषक महिला उद्यमियों ने भाग लिया ।
- 20 मई 2021 के ग्रामीण आय में वृद्धि : मधुमक्खीपालन के तरीके व व्यवसाय पर **"विष्व मधुमक्खी दिवस"** का आयोजन आनलाइन किया गया जिसमें 1827 लोगों ने भाग लिया ।
- 1 जून 2021 के पशु स्वास्थ और दुग्ध उत्पादकता वृद्धि हेतु विष्व दुग्ध उत्पादन का आयोजन आनलाइन किया गया ।
- जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण वर्षा जल संचयन जैसे गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये समस्त केन्द्रों के माध्यम से प्रति सप्ताह आनलाइन प्रषिक्षण प्रदान किये जा रहे हैं साथ ही पारम्परिक और अन्य जल निकायों का नवीनीकरण, वोरवेल पुनर्मरण संरचनाओं का पुनः उपयोग, वाटर शेड विकास और गहन वृक्षारोपण पर जोर दिया जा रहा है।
- खरीफ की तैयारी हेतु समस्त जिलों की आकस्मिक कार्य योजना तैयार कर किसान कल्याण कृषि विभाग को संप्रेषित की गई ।
- अनाज, दलहनी, तिलहन, फल, सब्जी व पशुचिकित्सा की समसमाइक सलाह तैयार कर समस्त केन्द्रों को प्रदान की गई ।
- जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन 18 दिसम्बर, 2020 को के माध्यम से किया गया जिसका सम्बोधन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया जिसका आयोजन समस्त केन्द्रों के माध्यम से किया गया जिसमें 23,632 कृषकों ने भाग लिया ।

- 14 जून, 2021 से समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन आनलाइन किया जा रहा है जिसको इसी माह में कर लिया जायेगा जिसमें जिले की कार्ययोजना व प्रगति की समीक्षाा तथा अन्य विषयों पर चर्चा कर प्रगति को गति एवं दिषा निर्देष प्रदान किए जाएंगे ।
- संचालनालय व कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों द्वारा जिले के खेतों का नैदांतिक भ्रमण कर कृषकों को समसामयिक सलाह जैसे पौध संरक्षण, बीज का भंडारण आदि की जानकारी व सुझाव प्रदान की गई । साथ ही न्यूज, प्रिंट मीडिया, वाटषाप, फेसबुक, ट्वीटस के माध्यम से सलाह दी गई ।
- 5 जून के विष्व पर्यावरण दिवस का आयोजन आनलाइन मोड पर किया गया साथ ही प्रधानमंत्री जी का सम्बोधन वेवकास्ट के माध्यम से सुना गया जिसमें इथेनाल का उत्पादन व वृहद उपयोग के लिए सलाह दी गई।
- संचालनालय द्वारा महिलाओं की सफलता की कहानी पर पुस्तक तैयार कर ली गई जिसमें समस्त जिलों की महिलाओं की भागीदारी पर संघर्ष व सफल कहानी का जिक्र किया गया है ।
- DAMU परियोजना के अंतर्गत समस्त जिलों में मौसम संबंधी समसामयिक सलाह प्रिंट मीडिया के माध्यम से दी जा रही है ।
- 4 जून के खरीफ की तैयारी के लिए आनलाइन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।
- समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से कोविड–19 के बचाव हेतु 4 नुक्कड नाटक, 155 स्लोगन, 955747 कृषकों को किसान मोबाइल संदेष व 242 वाट्एप ग्रुप के माध्यम से जानकारी दी गई ।